प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*******************

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आज नौ वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2016 में इस योजना की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल हानि और नुकसान से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना ने नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने को बढ़ावा देते हुए किसानों की आय को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 69 हजार पांच सौ पन्द्रह करोड़ रुपये से अधिक के कुल बजट के साथ 2025–26 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने की मंजूरी दी थी।

*******************

आज परीक्षा पे चर्चा के नये संस्करण में स्कूली छात्रों में परीक्षा के तनाव, चिंता को दूर करने और दबाव में शांत रहने के बारे में विभिन्न बोर्ड और परीक्षाओं के कई टॉपर के विचार और सुझाव साझा किए किये गये। परीक्षा योद्धाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने परीक्षा के तनाव और चिंता को सफलतापूर्वक दूर किया है।

*******************

राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक आज शाम चार बजे से होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में रांची के प्रोजेक्ट भवन में आयोजित इस बैठक में लोकहित में विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों को मंजूरी दी जा सकती है। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक बैठक में जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति पर भी मुहर लग सकती है।

*******************

दिल्ली स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ के बाद झारखंड में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इस सिलसिले में कोडरमा में उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण से पहले जिला प्रशासन और रेल प्रशासन के बीच एक बैठक भी हुई, जिसमें यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर कई निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने यात्रियों से संयम पूर्वक ट्रेन में सफर करने की अपील की।

*******************

पाकुड़ जिले के लिटिपाड़ा प्रखंड में फाइलेरिया दवा खिलाने के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों से मारपीट के विरोध में कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया है। उन्होंने सुरक्षा की मांग और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरना दिया। स्वास्थकर्मियों ने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं, तो कल से जिलेभर में स्वास्थ्य सेवाएं ठप कर दी जाएंगी।

*******************

खूंटी महिला थाने की पुलिस द्वारा एक नाबालिग युवक को पीटने के मामले में एसपी ने सब इंस्पेक्टर संतोष रजक को सस्पेंड कर दिया है। उन्होंने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। हेडक्वार्टर डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर को दो दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने कहा कि जांच के बाद पिटाई करने वाले सब इंस्पेक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरु की जायेगी।

*******************

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ और राजस्थान के ऊपर बन रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर दिखने लगा है। इस वजह से मौसम में परिवर्तन का अनुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि आज से आसमान में बादल छायेंगे और अगले दो दिन राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय पुरुष टीम की जर्सी का अनावरण किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में बीसीसीआई ने भारतीय खिलाड़ियों की जर्सी दिखाते हुए तस्वीरें साझा की हैं। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम अपनी सिग्नेचर ब्लू जर्सी में नज़र आएगी, जिसके दोनों कंधों पर तिरंगा और दाईं ओर चैंपियंस ट्रॉफी का लोगो होगा।

***** समाप्त*****